# सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
## दिनांक– 29.07.2025

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली कालपी पुलिस व एसओजी/सर्वेलांस की संयुक्त टीम द्वारा सरिया चोरी करने वाले संगठित गिरोह के पेशेवर अपराधी पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल/गिरफ्तार तथा गिरोह के 03 अन्य सह आरोपी भी गिरफ्तार जिनके कब्जे से अवैध असलाह मय कारतूस घटना में प्रयुक्त ट्रक व चोरी का माल (15 कुन्तल सरिया) बरामद ।**

अवगत कराना है कि दिनांक 28.01.2025 को कोतवाली कालपी पुलिस व एसओजी/सर्वेलांस टीम जनपद जालौन के द्वारा थाना कालपी क्षेत्रान्तर्गत में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में चोरी की हुई सरिया को कुछ लोग ट्रक से ले जाकर बेचने जा रहे हैं इस सूचना पर पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बरदौली बम्बा नहर पुलिया से 50 कदम इटौरा की तरफ थाना कालपी क्षेत्रान्तर्गत ट्रक को रुकवाया गया। ट्रक के रुकने पर अभियुक्तगण द्वारा ट्रक से उतरकर भागने का प्रयास करते हुये पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, जिसमे पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फ़ायरिंग की गई, जिससे अभियुक्त कल्लू उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम बाबू खेडा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा 03 अभियुक्तगण द्वारा आत्मसर्पण किया गया। घायल अभियुक्त कल्लू उपरोक्त को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

पूछताछ में उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा स्वीकार किया गया है कि हम लोग जनपद जालौन, झांसी, कानपुर देहात , कानपुर नगर, उन्नाव, कन्नौज कुशीनगर गोण्डा, महोबा तथा आसपास के आदि जनपदों में निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प, बिल्डिंग, मकान आदि की रेकी करते तथा रात्रि में मौका पाकर सरिया व लोहे के सामान को ट्रक से चोरी करते हैं तथा चोरी किये गये सरिया को जनपद उन्नाव ले जाकर बेंच देते हैं तथा यह भी बताया गया है कि पूर्व में हम लोगो नें दिनांक 03.06.2025 को ग्राम बैरई थाना कालपी के पास निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प व दिनांक 10/11.07.2025 को ग्राम छौंक थाना कालपी के पास कानपुर झांसी हाईवे के किनारे निर्माणाधीन मकान से सरिया चोरी की थी जिस पर पूर्व से थाना कालपी पर मु0अ0सं0 145/25 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 204/25 धारा 331(4) /303(2) बीएनएस पंजीकृत हुये थे तथा जनपद झांसी के थाना क्षेत्र मोठ के ग्राम जरहाखुद मून इन्टरनेशनल स्कूल के सामने से दिनांक 05.05.2025 को सरिया व अन्य सामान चोरी किये थे।

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को 25,000/- रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।**

**अभियुक्तगण का विवरण -**

1. कल्लू उर्फ मुन्ना पुत्र रज्जन लाल लोधी उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम बाबू खेडा थाना अचल गंज जनपद उन्नाव (पुलिस पार्टी पर फायर करने वाला)
2. सुनील लोधी पुत्र राम नरेश उम्र करीब 47 वर्ष निवासी ग्राम कुरारी कला थाना अचलगंज जनपद उन्नाव
3. संतोष लोधी पुत्र प्रेमशंकर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम नथईखेडा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव
4. ओम प्रकाश लोधी पुत्र मंगल उम्र करीब 35 वर्ष ग्राम सधीरा पोस्ट रेना गढी थाना अजगैन जनपद उन्नाव

**बरामदगी-**

**01-** अदद तमंचा नाजायज 315 बोर, 2 अदद जिंदा कारतूस नाजायज 315 बोर व 1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।

**02-** 1 अदद तमंचा नाजायज 12 बोर,1 अदद जिन्दा कारतूस नाजायज 12 बोर, 2 अदद नाजायज चाकू व 01 अदद खोखा कारतूस 9 एमएम

**03-** एक अदद ट्रक नं0 UP 78 DT 8782 व चोरी हुई सरिया (करीब 15 कुन्टल)।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुनील लोधी पुत्र रामनरेश।**

1.मु0अ0सं0 510/2020 धारा 380/411/457 भादवि थाना तरयासुजाान जिला कुशीनगर
2.मु0अ0सं0 517/2020 धारा 401/411/413/414 भादवि थाना नवाबगंज जिला गोण्डा
3.मु0अ0सं0, धारा 379 भादवि कोतवाली नगर जिला महोबा
4.मु0अ0सं0 45/2016 धारा 380 भादवि कोतवाली गुरसहायगजं जिला कन्नौज

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त कल्लू उर्फ मुन्ना।**

1.मु0अ0सं0 583/2020 धारा 379 भादवि कोतवाली नगर जिला महोबा
2.मु0अ0सं0 183/2019 धारा 379 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
3.मु0अ0सं0 197/2019 धारा 379 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
4.मु0अ0सं0 212/2019 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना अचलगजं जिला उन्नाव
5. मु0अ0सं0 351/2018 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना अचलगजं जिला उन्नाव
6.मु0अ0सं0 216/2018 धारा 379/411 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
7.मु0अ0सं0 253/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवली जिला कानपुर देहात

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सन्तोष लोधी।**

1.मु0अ0सं0 183/2019 धारा 379 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
2.मु0अ0सं0 197/2019 धारा 379 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
3.मु0अ0सं0 212/2019 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना अचलगजं जिला उन्नाव
4.मु0अ0सं0 260/2018 धारा 379/411 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
5.मु0अ0सं0 261/2018 धारा 379/411 भादवि थाना अचलगजं जिला उन्नाव
6.मु0अ0सं0 351/2018 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना अचलगजं जिला उन्नाव
7.मु0अ0सं0 45/2016 धारा 380 भादवि कोतवाली गुरसहायगंज जिला कन्नौज

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त ओमप्रकाश लोधी**

1.मु0अ0सं0 367/2016 धारा 379 भादवि थाना अमेठी जिला अमेठी
2.मु0अ0सं0 489/2019 धारा 174ए भादवि थाना अमेठी जिला अमेठी
3.मु0अ0सं0 447/2022 धारा 302 भादवि थाना अजगैंन जिला उन्नाव
4.मु0अ0सं0 163/2016 धारा 379 भादवि थाना कैम्पियरगंज जिला गोरखपुर
5.मु0अ0सं0 127/2016 धारा 394/411/413 भादवि थाना हैदरगढ जिला बाराबंकी
6.मु0अ0सं0 208/2016 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना हैदरगढ जिला बाराबंकी

**अभियुक्तगणों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों सीमावर्ती प्रान्तों से की जा रही है।**

**पुलिस टीम-**

1- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कालपी मय पुलिस टीम
2- प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्वेलांश मय पुलिस टीम